प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

28 मई 2024

# प्रवाह (PRAVAAH), आरबीआई रिटेल डायरेक्ट मोबाइल एप्लीकेशन और फिनटेक रिपॉज़िटरी का लोकार्पण

श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज भारतीय रिज़र्व बैंक की तीन प्रमुख पहल अर्थात्, प्रवाह (PRAVAAH) पोर्टल, रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप और फिनटेक रिपॉज़िटरी का लोकार्पण, रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड के निदेशक श्री सतीश काशीनाथ मराठे, प्रो. सचिन चतुर्वेदी; रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) के बोर्ड सदस्य प्रो. एच. कृष्णमूर्ति; रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर डॉ. एम डी पात्र, श्री एम राजेश्वर राव, श्री टी रबी शंकर, श्री स्वामीनाथन जे.; चुनिंदा बैंकों और एनबीएफसी के एमडी और सीईओ; आईबीए के मुख्य कार्यपालक; क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल), रिज़र्व बैंक सूचना प्रौद्योगिकी लिमिटेड (रेबिट), भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी और संबद्ध सेवाएं (आईएफटीएएस) और आरबीआईएच के एमडी/ सीईओ, फिनटेक के प्रतिनिधि तथा रिज़र्व बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

इन तीनों पहल की घोषणा पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर द्विमासिक वक्तव्य के भाग के रूप में क्रमशः अप्रैल 2023, अप्रैल 2024 और दिसंबर 2023 में की गई थी।

प्रवाह पोर्टल, किसी भी व्यक्ति या संस्था के लिए विभिन्न विनियामक अनुमोदन हेतु सहज तरीके से ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान करेगा। यह पोर्टल रिज़र्व बैंक द्वारा विनियामक अनुमोदन और मंज़ूरी प्रदान करने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की दक्षता को भी बढ़ाएगा।

रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप, रिटेल निवेशकों को रिटेल डायरेक्ट प्लेटफॉर्म तक निर्बाध और सुविधाजनक पहुंच प्रदान करेगा तथा सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) से संबंधित लेनदेन को सुविधाजनक बनाएगा।

फिनटेक रिपॉज़िटरी में भारतीय फिनटेक क्षेत्र से संबंधित जानकारी होगी, जिससे विनियामकीय दृष्टिकोण से इस क्षेत्र को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा और इससे उचित नीतिगत दृष्टिकोण बनाने में सुविधा होगी।

तीनों पहल के बारे में अधिक जानकारी नीचे दी गई है।

## 1. ‘प्रवाह (PRAVAAH)’ (प्लेटफार्म फॉर रेगुलेटरी एप्लीकेशन, वेलिडेशन एंड ऑथोराइजेशन) पोर्टल

'प्रवाह' एक सुरक्षित और केंद्रीकृत वेब-आधारित पोर्टल है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति या संस्था रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किसी भी संदर्भ पर प्राधिकरण, लाइसेंस या विनियामक अनुमोदन प्राप्त कर सकता है। पोर्टल में उपलब्ध कुछ प्रमुख विशेषताएँ निम्नानुसार हैं।

(i) पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना;

(ii) आवेदन/ संदर्भ की स्थिति को मॉनिटर और निगरानी करना;

(iii) आवेदन/ संदर्भ के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मांगे गए किसी भी स्पष्टीकरण/ प्रश्न का उत्तर देना; और

(iv) समयबद्ध तरीके से भारतीय रिज़र्व बैंक से निर्णय प्राप्त करना।

वर्तमान में, भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न विनियामक और पर्यवेक्षी विभागों को शामिल करने वाले 60 आवेदन पत्र पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें आवेदकों के लिए एक सामान्य प्रयोजन फॉर्म भी शामिल है, जिसमें वे अपने अनुरोध, जो किसी अन्य आवेदन फॉर्म में शामिल नहीं हैं, प्रस्तुत कर सकते हैं। आवश्यकतानुसार और अधिक आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएँगे। पोर्टल को https://pravaah.rbi.org.in पर एक्सेस किया जा सकता है।

## 2. आरबीआई रिटेल डायरेक्ट पोर्टल के लिए मोबाइल एप्लीकेशन

खुदरा निवेशकों को रिटेल डायरेक्ट योजना के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक (https://rbiretaildirect.org.in) के साथ उनके रिटेल डायरेक्ट गिल्ट खाते खोलने की सुविधा प्रदान करने हेतु रिटेल डायरेक्ट पोर्टल की शुरुआत नवंबर 2021 में की गई थी। यह योजना खुदरा निवेशकों को प्राथमिक नीलामी में सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदने के साथ-साथ द्वितीयक बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों के खरीदने और बेचने की सुविधा प्रदान करती है।

रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप के लोकार्पण के साथ, रिटेल निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों में लेनदेन कर सकते हैं। इस मोबाइल ऐप को एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए प्ले स्टोर और आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस मोबाइल ऐप को निम्नलिखित क्यूआर कोड का उपयोग करके भी डाउनलोड किया जा सकता है।

## 3. फिनटेक रिपॉज़िटरी

फिनटेक रिपॉज़िटरी का उद्देश्य फिनटेक संस्थाओं, उनकी गतिविधियों, प्रौद्योगिकी उपयोग आदि के बारे में आवश्यक जानकारी एकत्र करना है। विनियमित और अविनियमित दोनों फिनटेक को यूआरएल: https://fintechrepository.rbihub.in पर उपलब्ध रिपॉज़िटरी में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

इसके साथ ही, केवल भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित संस्थाओं (बैंक और एनबीएफसी) के लिए, उभरती प्रौद्योगिकियों (जैसे एआई, एमएल, क्लाउड कंप्यूटिंग, डीएलटी, क्वांटम, आदि) को अपनाने पर एक संबंधित रिपॉज़िटरी, जिसे एमटेक रिपॉज़िटरी कहा जाता है, का भी लोकार्पण किया जा रहा है और इसे यूआरएल: https://emtechrepository.rbihub.in पर एक्सेस किया जा सकता है।

फिनटेक और एमटेक रिपॉज़िटरी सुरक्षित वेब-आधारित अनुप्रयोग हैं और इनका प्रबंधन रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच), जो भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, द्वारा किया जाता है। रिपॉजिटरी समग्र क्षेत्रीय स्तर के डेटा, प्रवृत्तियों, विश्लेषण आदि की उपलब्धता को सक्षम करेगी, जो नीति निर्माताओं और सहभागी उद्योग सदस्यों दोनों के लिए उपयोगी होगी। भारतीय रिज़र्व बैंक फिनटेक और विनियमित संस्थाओं को रिपॉजिटरी में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/393**